Regarding issues pertaining to Maha Bodhi Mahavihar

श्री बलवंत बसवंत वानखडे (अमरावती) : माननीय सभापति जी, महाबोधि विहार की मुक्ति के लिए आंदोलन काफी दिनों से चल रहा है । बौद्ध समाज ने महाबोधि महाविहार बोधगया की मुक्ति के लिए कदम उठाया है । बीटी एक्ट, 1950 को रद्द करने और महाबोधि महाविहार का प्रबंधन बौद्ध समुदाय के हाथों में सौंपने की मांग है ।

सभापति जी, मेरी मांग है कि बोधगया टेम्पल एक्ट, 1950 खत्म हो । बीटीएमसी के सभी मैम्बर्स बौद्ध हों और अनशन पर बैठे भिक्षुओं पर जो अन्याय हो रहा है, इसे रोका जाए । जब मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे उनके धर्म गुरू के अधिकार में हैं तो फिर बोधगया महाविहार बौद्ध समाज के अधिकार में क्यों नहीं है?

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि केंद्र सरकार इस तरफ ध्यान दे और जल्द से जल्द कदम उठाए ताकि बोधगया महाविहार बौद्ध समुदाय के हाथों में सौंपा जा सके ।